भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

05.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2917 का उत्तर

कर्नाटक के शिवमोग्गा में कोटेगंगुरू कोचिंग डिपो परियोजना

2917. श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृति का वर्ष, स्वीकृत लागत, कार्यों का दायरा और परियोजना के तहत बनाई जाने वाली प्रस्तावित सुविधाएं सहित कर्नाटक के शिवमोग्गा में कोटेगंगुरू कोचिंग डिपो परियोजना का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है, जिसमें प्राप्त भौतिक और वित्तीय प्रगति, स्वीकृत लागत के मुकाबले किया गया व्यय, तथा इसके पूरा होने की मूल लक्षित तिथि और संशोधित समय-सीमा शामिल है;

(ग) क्या उक्त परियोजना के कार्यान्वयन में देरी हुई है और यदि हाँ, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त परियोजना के लिए आवंटित और जारी निधि साथ ही उक्त अवधि के दौरान किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कोटेगंगुरू कोचिंग डिपो के पूरा होने में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदम क्या हैं और वहां इस सुविधा को चालू करने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): कोटे गंगूर कोचिंग डिपो के कार्य को 76.01 करोड़ रु. की लागत से स्वीकृत किया गया है। इसमें प्रस्तावित सुविधाएं निम्नानुसार हैं:-

- **24 सवारी डिब्बों की लंबाई की 2 अदद गर्त लाइनें**
- **2 अदद स्टेबलिंग लाइनें और 1 अदद लूप लाइन**
- **कर्मचारी क्वार्टर्स**
- **सिक लाइन कवर्ड शेड**
- **मरम्मत भवन**
- **स्टेशन भवन और**
- **मशीनरी और संयंत्र**

स्टेशन भवन और मरम्मत भवन का कार्य पूरा हो चुका है। सिक लाइन कवर्ड शेड का नींव संबंधी कार्य पूरा हो चुका है। गर्त लाइन, स्टेबलिंग लाइन, लूप लाइन, स्टाफ क्वार्टर्स का कार्य प्रगति पर है। 38 एकड़ में से 31.3 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। शंटिंग नेक के लिए अपेक्षित 6.7 एकड़ शेष भूमि के अधिग्रहण को राज्य सरकार के साथ समन्वय करके तीव्रता से किया जा रहा है।

दिनांक 31.03.2026 तक, 58.82 करोड़ रु. का व्यय उपगत किया गया है। चालू वित्त वर्ष के दौरान 9.5 करोड़ रु. आबंटित किए गए हैं।

******